**कांवड़ यात्रा** ▶ निकली कांवड़ यात्रा, बमलेश्वर धाम बावनगढ़ में किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

# जनजातीय अंचल में गूंजे बोल बम के नारे





**अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त।** सावन माह के पावन अवसर पर जनजातीय अंचल पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में सनातन संस्कृति का भव्य रूप देखने को मिला। नर्मदा अंचल वीर शिवाजी युवा संगठन एवं हीरा सिंह श्याम मित्र मंडली के नेतृत्व में 4 अगस्त को अमरकंटक से बमलेश्वर धाम बावनगढ़ तक बोल बम कांवड़ यात्रा निकाली गई। नर्मदा उद्गम स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात यात्रा का शुभारंभ सुबह 6 बजे हुआ, जिसमें लगभग 2 से 3 हजार शिव भक्तों ने भाग लिया। कांवड़ यात्रियों ने मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर लगभग 45 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर मैकल पर्वत की वादियों में स्थित प्राचीन शिव मंदिर बमलेश्वर धाम बावनगढ़ में जलाभिषेक किया। भक्तों ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोषों के साथ वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

### ग्राम पंचायतों ने कांवड़ यात्रियों का किया स्वागत

यात्रा मार्ग पर अमरकंटक, पोड़की, मुंडाकोना, भंवरिया, लालपुर, बिजौड़ी, पमरा, भरनी, ताली, दोनिया, बटकी, जामकछार, मिर्चा और दादर सहित विभिन्न ग्रामों में स्थानीय नागरिकों एवं ग्राम पंचायतों ने श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं से स्वागत के साथ जगह-जगह चाय-नाश्ता, जल-पान और विश्राम की व्यवस्थाएं की गईं। इस सहयोग ने जनजातीय क्षेत्र में सनातन परंपरा की गहराई और समर्पण को दर्शाया।

### जलाभिषेक करना एक दिव्य अनुभव है : श्याम

यात्रा के संयोजक और भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने बताया कि यह यात्रा पिछले छह वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है, जो सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं भक्ति भावना के पोषण का माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मैकल पर्वत की वादियों में स्थित प्राचीन बमलेश्वर धाम में नर्मदा जल से जलाभिषेक करना एक दिव्य अनुभव है। यह हमारे सनातन धर्म की चेतना को जीवित रखने का कार्य करता है। उन्होंने यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले प्रत्येक सहयोगी, ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं का हृदय से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया और आह्वान किया कि सभी सनातन प्रेमी इसी तरह धर्म और संस्कृति को सशक्त बनाने में अपनी भागीदारी निभाते रहें।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोह लिया

**संकल्प महाविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस मनाया गया**

**अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त।** शिक्षा, संस्कृति और नवाचार की दिशा में सतत प्रगति कर रहा संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर अपने गौरवशाली सफर के 8 वर्ष पूर्ण कर 9वें स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. आर.के. वर्मा, थाना प्रभारी अनूपपुर अरविन्द जैन, तुलसी कॉलेज के प्राचार्य अनिल सक्सेना एवं उप प्राचार्य डॉ. जेके संत उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना से किया गया। इसके पश्चात मंच पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

### यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास का परिणाम है : शुक्ला

संस्थान के संचालक अंकित शुक्ला ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि संकल्प महाविद्यालय ने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की दिशा में भी एक मजबूत पहचान बनाई है। यह उपलब्धियां हमारे समर्पित शिक्षकों, प्रेरित विद्यार्थियों और विश्वास रखने वाले अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं। अतिथियों एवं महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने विद्यार्थियों को जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों के समन्वय को आज की आवश्यकता बताया।

# अनूपपुर की टीम रही चौथे स्थान पर

**राज्य स्तरीय लाठी प्रतियोगिता से लौटे खिलाड़ियों का किया गया स्वागत**



**अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त।** उज्जैन के क्षीरसागर स्टेडियम में आयोजित तृतीय मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय पारंपरिक लाठी प्रतियोगिता में अनूपपुर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण और 6 रजत पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप में चौथा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन 2 व 3 अगस्त को मध्यप्रदेश ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया था, जिसमें राज्य के 18 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला लाठी एसोसिएशन के सचिव किशोर साकेत ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक-बालिका वर्ग के सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर कैटेगरी में मुकाबले हुए। अनूपपुर से 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया और उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। पदक विजेता खिलाड़ियों में कुलदीप असावर अमलाई 2 स्वर्ण, रिषभ कन्नौजिया 1 स्वर्ण, 1 रजत, फिजा कन्नौजिया 1 स्वर्ण, 1 रजत, शिफत आदिल 1 स्वर्ण, 1 रजत, आस्था कुशवाहा 1 रजत, अर्पिता कुशवाहा 1 रजत, प्रतिष्ठा गौतम बरगवां 2 स्वर्ण, राजकुमार सिंह सकरा 2 स्वर्ण पदक जीते। कोच कुशवाहा ने बताया कि यह सफलता भी खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। ओवरऑल चैंपियनशिप में पहला स्थान शहडोल जिला, दूसरा स्थान उज्जैन जिला, तीसरा स्थान बैतूल जिला, चौथे स्थान पर अनूपपुर जिला रहा। खिलाड़ियों के नगर लौटने पर अमलाई स्टेशन पर स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने बैंड-बाजे, फूल वर्षा, मिठाई वितरण और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया।

## जुआ खेलते 3 आरोपी गिरफ्तार

अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त। जिले में अपराधों पर नियंत्रण व अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही रामनगर पुलिस जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पौराधार क्षेत्र में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कृष्ण कुमार यादव, पिंकू सिंह एवं संजय श्रीवास्तव तीनों निवासी राजनगर को जुआ खेलते हुए पकड़ा। पुलिस ने मौके से 11,120 नकद और ताश की गड्डी जब्त की। तीनों आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिखरे सावन के रंग

**एकता महिला समिति जमुना ने एटक कार्यालय में मनाया सावन श्रृंगार महोत्सव**



**अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त।** एकता महिला समिति जमुना के तत्वावधान में सावन के पावन अवसर पर एटक कार्यालय में सावन श्रृंगार महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य आयोजिका अखिल भारतीय मानवाधिकार महिला संगठन की प्रतिनिधि मीनू तिवारी रहीं। उन्होंने इस आयोजन को महिला सशक्तिकरण, लोक संस्कृति के संरक्षण और आत्मबल बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक कजरी गीत, सावन के लोकनृत्य, क्विज प्रतियोगिता और मनोरंजक खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से वरिष्ठ महिलाओं द्वारा प्रस्तुत कजरी गीतों ने सांस्कृतिक माहौल को जीवंत कर दिया। वहीं, युवतियों के रंगारंग नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, वहीं कार्यक्रम में सहभागी सभी माताओं और बहनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### छुपी प्रतिभाओं को मिलता है मंच : मीनू

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मीनू तिवारी ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार और जिम्मेदारियों में व्यस्त रहने के कारण स्वयं के लिए समय नहीं निकाल पातीं। ऐसे आयोजनों से न केवल मानसिक आनंद मिलता है, बल्कि उनकी छुपी प्रतिभाओं को मंच भी मिलता है। उन्होंने महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने, सामाजिक सहभागिता बढ़ाने और एक-दूसरे को सहयोग करने की अपील भी की। कार्यक्रम को सफल बनाने में निशा मिश्रा एरिया वेलफेयर बोर्ड सदस्य, शालिनी जायसवाल, शिवानी सिंह, पार्वती वर्मा, शकुंतला यादव, रीनू जायसवाल सहित अनेक महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

# पुलिस ने 18 मवेशियों को कराया मुक्त

**ग्रामीणों की मदद से की घेराबंदी, 2 तस्कर गिरफ्तार**




**अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त।** पशु तस्करी पर सख्ती बरतते हुए कोतमा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

जिले में पशु तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत 4 अगस्तन की रात्रि थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ला को सूचना प्राप्त हुई कि सेमरिहा चौराहा के पास कुछ लोग लगभग 17-18 भैंस पड़ों को निर्दयता पूर्वक पीटते हुए केशवाही की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस टीम गठित कर मौके की ओर रवाना किया तथा ग्राम सेमरिहा के ग्रामीणों को भी सतर्क कर घेराबंदी के लिए कहा गया। पुलिस एवं ग्रामीणों की संयुक्त तत्परता से सेमरिहा चौराहा पर कार्रवाई करते हुए आरोपी स्वामीदीन अगरिया पिता भगवानदीन अगरिया निवासी ग्राम लोहासुर थाना कोतमा को 18 मवेशियों के साथ मौके से गिरफ्तार किया गया।

### अंधेरे का फायदा उठाकर दो तस्कर हुए फरार

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ये मवेशी दादू मुसलमान उर्फ अजमत अली निवासी मौहार टोला केशवाही जिला शहडोल के निर्देश पर खरीदे गए थे, जिन्हें ग्राम लोहासुर के छोटू महरा के बाड़े में रखा जाता था और फिर शनि महरा व रामशरण कंजर दोनों निवासी लोहासुर की मदद से केशवाही भेजा जाता था। कार्रवाई के दौरान शनि महरा और रामशरण कंजर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए दादू मुसलमान उर्फ अजमत अली को भी गिरफ्तार कर लिया है। जब्त किए गए 18 मवेशियों की अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख आंकी गई है।



## गुम मोबाइल पाकर हुए खुश

**अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त।** जिले में गुम हुए मोबाइल फोन को खोज कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द करने की मुहिम के अंतर्गत कोतमा पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए गुम हुए 11 मोबाइल फोन के दस्तयाब करते हुए उनके मालिकों के सुपुर्द किया गया है। थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्लाम्बर शुक्ला द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने साइबर सेल अनूपपुर की तकनीकी सहायता से 11 गुमशुदा मोबाइल फोन को ट्रैक कर बरामद किया। 5 अगस्त को कोतमा थाने में सभी मोबाइल फोन संबंधित आवेदकों को उनके गुम हुए मोबाइल सौंपे गए।

# छात्रों को प्रोत्साहित करना मुख्य उद्देश्य : जीएम

**ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित**



**कोतमा,नवभारत 5 अगस्त।** जिले के कोतमा स्थित ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के छात्रों मैं लीडरशिप और समाज और राजनीतिक संचालन और सही दिशा निर्धारण की तालीम देने के लिए छात्र परिषद का गठन किया गया। ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में लोकतांत्रिक तरीके से छात्र परिषद के चुनाव संपन्न कराए गए और उसके बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कर छात्र छात्रों में लीडरशिप क्षमता को बढ़ाने के लिए नए आयाम स्थापित किए गए हैं। सोमवार को जमुना कोतमा क्षेत्र सीसीएल के बंकिम बिहार सभागार में छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जमुना कोतमा क्षेत्र के एसईसीएल के जीएम एमके त्रिपाठी ने कहा कि छात्र परिषद का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और टीम भावना का विकास करना है, साथ ही छात्रों को स्कूल की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपनी बात रखने का अवसर प्रदान करना है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों को स्कूल की गतिविधियों, जैसे कि खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, आदि में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। छात्रों को सामाजिक कार्यों में भाग लेने और समुदाय की सेवा करने के लिए प्रेरित करना।

### छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

छात्र परिषद में हेड गर्ल स्नेहा मिश्रा, डिप्टी हेड नितिन सिंह, कल्चरल कैप्टन दिवेश गुप्ता, डिसिप्लिन कैप्टन आर्यन तोमर, इको क्लब कैप्टन श्रुति मार्को, स्पोकन इंग्लिश कप्तान शेख जीनत के साथ ग्रीन और यलो हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन के साथ अन्य लोगों ने छात्र-छात्राओं के साथ छात्र परिषद की जिम्मेदारी को संभालने की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम में स्कूल के संस्थापक, प्राचार्य स्टूडेंट और छात्रों के परिजन शामिल हुए।

**अव्यवस्था** ▶ प्रशासन को सजग रहकर मंदिर में गंदगी न फैले इस ओर ध्यान देना चाहिए : आचार्य रामकृष्णानंद

# नर्मदा मंदिर परिसर में भंडारे के बाद चारों ओर गंदगी का आलम



**अमरकंटक,नवभारत 5 अगस्त।** अमरकंटक नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु रोजाना अमरकंटक आते हैं। त्यौहारों पर मंदिर प्रांगण के अंदर छोटे बड़े भंडारे का आयोजन होता है, यह श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है, लेकिन मंदिर प्रांगण में भंडारे के वितरण के बाद फैली गंदगी पर ध्यान न देना श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने और पवित्र वातावरण को दूषित करने जैसा है। भंडारे के बाद सोमवार शाम से मंगलवार सुबह तक इस स्थल को जिसने भी देखा वह गंदगी देख दंग रह गया।

स्थानीय साधु-संतों और नगरवासियों का कहना है कि भंडारे के दौरान दोना, पत्तल, प्लास्टिक ग्लास आदि के कचरे को मंदिर प्रांगण में फैलने से पूर्व बाहर निकाल देना चाहिए ताकि नर्मदा उद्गम कुंड और प्रांगण पवित्र बना रहे। आचार्य स्वामी रामकृष्णानंद महाराज ने कहा कि नर्मदा का उद्गम स्थल आस्था का केंद्र बिंदु है। धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से यह स्थल पवित्र है। शासन प्रशासन को सजग रह कर मंदिर में गंदगी न फैले इस ओर ध्यान देना चाहिए। स्वामी लवलीन महाराज का कहना है कि भंडारे के साथ स्वच्छता बनी रहे तभी पवित्रता रहेगी।

### भंडारा मंदिर प्रांगण के बाहर होना चाहिए : अग्रवाल

श्रद्धालुओं का कहना है कि भंडारे के बाद फैलने वाले कचरे से आने-जाने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के मन में नकारात्मक भाव पैदा होता है। पवित्र स्थल पर स्वच्छता का अभाव नहीं होना चाहिए । अमरकंटक के प्रतिष्ठित व्यवसाई ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि मंदिर सार्वजनिक स्थल है। यहा हजारों की संख्या में लोगों का आना जाना होता है, गंदगी देख मन खिन्न होता है। भंडारे का आयोजन मंदिर प्रांगण बाहर होना चाहिए।

### मंदिर की पवित्रता बनाए रखना जरुरी

नर्मदा मंदिर के पुजारी पंडित जुगल किशोर द्विवेदी ने कहा कि मंदिर प्रांगण में भंडारे के बाद जो गंदगी की स्थिति नजर आती है, वह देखने योग्य नहीं है। बड़े भंडारे या छोटे प्रसाद वितरण कार्यक्रम अब अन्यत्र स्थल पर करना अधिक उचित होगा। स्थानीय लोगों का मत है कि क्षेत्र में जितनी अधिक स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखी जाएगी, उतने ही अधिक श्रद्धालु आकर्षित होंगे।

### इनका कहना है

पुष्पराजगढ़ एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल का कथन है कि मंदिर प्रांगण में गंदगी बिल्कुल ठीक नहीं। भंडारा वगैरह बाहर होने चाहिए। इसके लिए बैठक कर निर्णय लिया जाएगा।

नगर पालिका के सीएमओ चैन सिंह परस्ते ने कहा कि इस विषय पर चर्चा कर आगे आवश्यक व्यवस्था या निर्णय लिया जाएगा।

## कलेक्टर ने 71 आवेदकों की समस्याएं सुनीं

अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त। नर्मदा सभागार में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 71 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, एसडीएम जैतहरी अंजली द्विवेदी, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, एसडीएम पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम दुलहरा के पुरुषोत्तम दास पटेल ने भू-अधिकार पुस्तिका में नाम सुधार की मांग की, वहीं ग्राम लमसरई की सुघरबती बाई ने चिकित्सा सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम गुंवारी के प्रदीप जायसवाल ने अपनी अधिग्रहीत भूमि के बदले मोजर बेयर कंपनी से रोजगार दिलाने की मांग की।



## 39.75 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

**अनूपपुर, नवभारत।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 4 अगस्त् को कोतवाली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक स्कूटी क्रमांक सीजी 16 सीटी 5752 में अवैध तरीके से अंग्रेजी शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी अरविन्द जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बाबा कॉलोनी उंजीर बगीचा के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों विक्रम पटेल एवं राजकुमार कोल के कब्जे से कुल 39.75 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत 42 हजार 226 रूपये सहित स्कूटी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया।